जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय

कार्यालय धनबाद

सूचना / विज्ञापन 03 / 2024, दिनांक 06.09.2024

131 पारा लिगल वोलेंटियर के प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक स्थानीय अभ्यर्थियों से निम्नांकित फॉर्म में स्व–हस्तलिखित / टंकित प्रारूप में आवेदन दें। प्रशिक्षण के लिए चयनित अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा नहीं की जाती है कि वे विधि पेशेवर की तरह कार्य करें तथा अधिवक्ता पारा लिगल वोलेंटियर्स के लिय योग्य नहीं है।

योग्यताः–

1. अभ्यर्थी साक्षर हो परंतु वैसे अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी जो मैट्रिक तथा उससे उच्चतर योग्यता रखते हों तथा उनमें समझने एवं समझाने की क्षमता हो। शिक्षक / सेवा निवृत शिक्षक / सेवा निवृत लोकसेवक / वरीष्ठ नागरिक / एम0एस0डब्ल्यू0 छात्र / आंगनबाड़ी सेविका / चिकित्सक / विधि छात्र जो अधिवक्ता के रूप में पंजीकृत नहीं हैं। गैर–राजनीतिक संगठन / एन0जी0ओ0 / क्लब / मार्जिनलाइज़्ड ग्रुप के सदस्य / महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य / सजायाफ्ता कैदी जिनका आचरण अच्छा हो / कोई भी व्यक्ति जिन्हें DLSA पारा लिगल वोलेंटियर के पद पर सुयोग्य पाए, पारा लिगल वोलेंटियर के लिए आवेदन कर सकते हैं।

2. वैसे अभ्यर्थियों को भी प्राथमिकता दी जाएगी जो पारा लिगल वोलेंटियर के कार्य को आर्थिक आय का स्रोत नहीं समझेंगे।

आवेदन कैसे करें।

1. आवेदन डाक या हाथों–हाथ दोनों माध्यम से स्वीकार की जाएगी तथा लिफाफे के ऊपर स्पष्ट अक्षरों में पारा लिगल वोलेंटियर के लिए आवेदन पत्र लिखा होना चाहिए।
2. आवेदन स्व–हस्तलिखित या टंकित प्रारूप में ही स्वीकार किये जाएंगें।
3. अपना दो अद्यतन पासपोर्ट साईज़ फोटो आवेदन के साथ समर्पित करें।
4. आवेदन निम्न पते पर भेंजें:–
   अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय धनबाद। पिनः– 826001

आवेदन की अंतिम तिथिः– 13.09.2024

आवेदन का प्रारूप

1. नामः– ....
2. पिता / पति का नामः–..
3. उम्र (विज्ञापन की तिथि के दिन) ....
4. लिंगः– ....
5. राष्ट्रियताः–..
6. स्थायी पताः– ....

यहाँ पर अपना अद्यतन पासपोर्ट साईज़ फोटो चिपकाएँ।

7. पत्राचार का पता (दूरभाष सं0 के साथ) ....
8. ई–मेलः– ....
9. शैक्षणिक योग्यताः– ....
   (शैक्षणिक योग्यता से संबंधित दस्तावेजों की छायाप्रति अवश्य संलग्न करें।)
10. विशेष योग्यताः–..
11. कोटि (अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / पिछड़ा वर्ग / अत्यंत पिछड़ा वर्ग / सामान्य):–.........................

नोटः– उपरोक्त आवेदन पारा लिगल वोलेंटियर के प्रशिक्षण के लिए है न कि नियोजन के लिए। पी0एल0वी0 के कार्य के लिए कोई वेतन, पारश्रमिक या मजदूरी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा निर्धारित मानदेय के अलावा देय नहीं होगा।

दिनांक .... अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

स्थान ....

आदेशानुसार

सचिव

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, धनबाद।